भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3899
उत्तर देने की तारीख 11 दिसम्बर, 2019

डाकघरों में रिक्तियां

3899. श्री वाई. देवेन्द्रप्पा

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्मचारियों की संख्या में कमी के कारण डाकघरों की सेवाएं जीर्ण-शीर्ण हो गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और डाकघरों में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और पद-वार कितने कर्मचारी हैं;

(ख) क्या सरकार का देशभर के डाकघरों में वर्तमान रिक्तियों को भरने के लिए कोई विशेष अभियान चलाने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) देशभर के डाकघरों में जीर्ण-शीर्ण हो रही सेवाओं के नियंत्रण के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई किए जाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) और (घ) कर्मचारियों की संख्या में कमी के बावजूद डाकघरों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाएं प्रभावित नहीं हुई हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि डाक सेवाएं प्रभावित न हों, उपलब्ध कर्मचारियों की उपयुक्त तरीके से रिक्त पदों पर पुनर्तैनाती करके सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। डाक सर्कल-वार और पद-वार कार्य बल और रिक्तियों का विवरण संलग्न है।

(ख) और (ग) रिक्त पदों को भरना एक सतत प्रक्रिया है और जिसे नियमित विभागीय पदोन्नति समिति, विभागीय परीक्षा और कर्मचारी चयन आयोग द्वारा सीधी भर्ती और संबंधित भर्ती नियमों के प्रावधान के अनुसार प्रत्येक डाक सर्कल द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। फिलहाल, विशेष भर्ती अभियान चलाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

11 दिसम्बर,2019 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3899 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित विवरण

डाक सर्कल-वार और पद-वार कार्य बल और रिक्तियां

सर्कल	बहुकार्य कर्मचारीवृंद		पोस्टमैन/मेल गार्ड		डाक सहायक/छंटाई सहायक	
	कार्य बल	रिक्तियों की स्थिति	कार्य बल	रिक्तियों की स्थिति	कार्य बल	रिक्तियों की स्थिति
आंध्र प्रदेश	895	268	1855	439	3315	651
असम	619	304	681	381	1534	214
बिहार	1305	650	1298	673	3631	273
छत्तीसगढ़	234	131	339	289	628	246
दिल्ली	1776	926	2063	920	3168	1080
गुजरात	1795	679	3131	1405	5699	1816
हरियाणा	590	223	579	386	1563	219
हिमाचल प्रदेश	290	94	318	114	828	220
जम्मू एवं कश्मीर	202	210	112	230	665	270
झारखंड	384	275	458	558	1190	933
कर्नाटक	1218	489	2497	1479	5280	332
केरल	1124	327	1729	1264	5603	800
मध्य प्रदेश	818	424	1311	772	2622	493
महाराष्ट्र	2982	2806	4880	5185	10372	2843
पूर्वोत्तर	284	114	372	254	646	18
ओडिशा	752	185	1272	173	2505	461
पंजाब	1106	166	1416	424	3179	633
राजस्थान	1003	339	1380	812	2734	749
तमिलनाडु	1880	1199	3890	2364	7326	2256
तेलंगाना	662	249	1194	429	2298	96
उत्तर प्रदेश	2182	1781	2344	2740	6638	2279
उत्तराखंड	268	218	288	449	939	253
पश्चिम बंगाल	2340	1751	3266	1513	7896	2310
कुल	**24709**	**13808**	**36673**	**23253**	**80259**	**19445**

सर्कल	**निम्न चयन ग्रेड/ उच्च चयन ग्रेड I एवं II**		**डाक निरीक्षक/ सहायक अधीक्षक डाक**	
	कार्य बल	**रिक्तियों की स्थिति**	**कार्य बल**	**रिक्तियों की स्थिति**
आंध्र प्रदेश	1315	711	173	64
असम	355	394	86	13
बिहार	1135	308	189	21
छत्तीसगढ़	376	145	49	21
दिल्ली	744	639	94	0
गुजरात	1290	1317	168	63
हरियाणा	419	416	57	22
हिमाचल प्रदेश	400	185	42	14
जम्मू एवं कश्मीर	21	300	23	17
झारखंड	262	405	55	22
कर्नाटक	1706	1171	210	48
केरल	247	405	138	54
मध्य प्रदेश	914	745	160	35
महाराष्ट्र	931	4077	301	81
पूर्वोत्तर	274	123	34	9
ओडिशा	1091	415	135	40
पंजाब	149	271	89	16
राजस्थान	1073	666	169	40
तमिलनाडु	2403	2242	204	131
तेलंगाना	430	698	79	68
उत्तर प्रदेश	2377	1571	346	47
उत्तराखंड	371	232	50	9
पश्चिम बंगाल	1741	1479	215	66
कुल	**20024**	**18915**	**3066**	**901**

*****